Higher School Certificate (HSC) minimum standard parent meeting request

उच्चतर स्कूल सर्टिफ़िकेट (HSC) में न्यूनतम मानदंड के बारे में माता-पिता से मिलने के लिए निवेदन

Name of student
विद्यार्थी का नाम

Name of parent
माता या पिता का नाम

Date for meeting
मिटिंग की तिथि

प्रिय माता-पिता / देखभाल कर्ता

मैं आपको HSC के न्यूनतम मानदंड के बारे में याद दिलाने के लिए यह पत्र लिख रहा / रही हूँ। विद्यार्थियों को HSC का प्रमाणपत्र पाने के लिए यह अनिवार्य है कि वे साक्षरता व अंकज्ञान का न्यूनतम मानदंड पूरा करें। न्यूनतम मानदंड का निर्णय ऑनलाईन दिए गए पठन, लेखन व अंकज्ञान की परीक्षाओं से किया जाता है।

इस समय आपके बच्चे ने अभी तक HSC के न्यूनतम मानदंड को पूरा नहीं किया है और इस कारण यह ख़तरा है कि उसे HSC का प्रमाणपत्र न मिल पाए।

आपके बच्चे ने निम्नलिखित में मानदंड पूरा नहीं किया है:

- ☐ Reading
  पठन
- ☐ Numeracy
  अंकज्ञान
- ☐ Writing
  लेखन

मेरी पूरी कोशिश है कि आपके बच्चे को हर मौक़ा दिया जाए की वह HSC का न्यूनतम मानदंड पूरा कर सके व आपको भी हर अवसर दिया जाए कि आप HSC का न्यूनतम मानदंड पूरा करने में उसकी सहायता कर सकें।

मैं आपको ऊपर दी गई तिथि पर चर्चा करने के लिए मीटिंग में आने का निमंत्रण देना चाहता / चाहती हूँ, जिससे आप, आपका बच्चा व स्कूल मिलजुल कर आपके बच्चे की पढ़ाई की योजना बना सके। इस बातचीत में शामिल होगा आपके बच्चे का HSC के बारे क्या सोचना है, साक्षरता व अंकज्ञान संबंधी उपलब्ध सहायता व स्कूल पूरा होने के बाद के विकल्प। इसमें आपका हिस्सा लेना बहुत महत्वपूर्ण है।

HSC के न्यूनतम मानदंड परीक्षा के परिणाम आपके बच्चे के Student Online अकाऊंट पर दिए गए हैं जो NSW Education Standards Authority (NESA) की वेबसाईट पर हैं। मीटिंग में एक प्रति हमारे पास उपलब्ध होगी।

यदि आपको इस मीटिंग में दुभाषिए की ज़रूरत है तो कृपया स्कूल से संपर्क करें और यदि उपलब्ध होगा तो वह इसका प्रबंध करेंगे।

फ़ोन दुभाषिया सेवा

यदि स्कूल से संपर्क करने के लिए आपको दुभाषिए की सहायता चाहिए तो कृपया टेलीफ़ोन दुभाषिया सेवा को 13 14 50 पर फ़ोन करें, व अपनी भाषा में दुभाषिया माँगें। ऑपरेटर स्कूल को फ़ोन करेगा / करेगी व फ़ोन पर दुभाषिए का प्रबंध करेगा / करेगी जो बातचीत में आपकी मदद करेगा/ करेगी। इस सेवा के लिए आपको कोई खर्चा नहीं देना होगा।

भवदीय/भवदीया

प्रिंसीपल (Principal)

HSC की न्यूनतम मानदंड नीति के बारे में अधिक जानकारी NESA की वेबसाईट पर मिल सकती है।
https://educationstandards.nsw.edu.au/wps/portal/nesa/11-12/hsc/hsc-minimum-standard